कक्षा – VIII　　　　　　　　　　विषय – हिन्दी　　　　　　　　　　सेट – V

पूर्णांक – 20

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

I　निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए –

मित्र का कर्तव्य इस प्रकार बताया गया है, 'उच्च और महान कार्यो में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी–अपनी सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ'। यह कर्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़ चित्त और सत्य–संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरूषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार धोखा न होगा।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नसंख्या 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए –

1)　सच्चा मित्र मिल जाने पर हम –

(A)　सामर्थ्य के बाहर का काम भी कर पाते हैं

(B)　सामर्थ्य के अनुसार काम कर पाते हैं

(C)　सामर्थ्य के अनुसार काम नही कर पाते हैं

(D)　कार्य करने में असमर्थ हो जाते हैं।

2)　हमें वैसे मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें –

(A)　हमसे अधिक स्वच्छंदता हो

(B)　हमसे अधिक प्रेम हो

(C)　हमसे अधिक दिखावा हो

(D)　हमसे अधिक आत्मबल हो ।

3) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है –

(A) मित्र

(B) शत्रु

(C) पुरूष

(D) देव

II प्रधानाध्यापक को तीन दिनों की छुट्टी के लिए लिखे गए इस आवेदन–पत्र के छूटे हुए अंश को भरिए, जो प्रश्न संख्या 4, 5 तथा 6 के रूप में बॉक्स में क्रमांकित हैं –

सेवा में,

प्रधानाध्यापक महोदय,

रा.म.वि., राँची।

द्वारा – वर्ग शिक्षिका

विषय – तीन दिनों की छुट्टी हेतु।

(......4........)

सविनय निवेदन है कि मैं आपके (.......5........) की कक्षा – आठ का छात्र हूँ। मैं पिछले दिनों दिनांक 26.11.2018 से 28.11.2018 तक बुखार के कारण विद्यालय नहीं आ सका।

अतः श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि मेरी उक्त तिथियों की विद्यालय से अनुपस्थिति को माफ करने की कृपा की जाए। इस कृपापूर्ण कार्य हेतु मैं श्रीमान का सदा आभारी रहूँगा।

(.....6........) छात्र

क ख ग

रा.म.वि. राँची

क्रमांक – 01

दिनांक – 29.11.2018

4) (A) आदरणीय (B) महाशया/महोदया

(C) महाशय/महोदय (D) प्रणाम।

5) (A) प्रखण्ड (B) विद्यालय

(C) गाँव (D) शहर।

6) (A) आकांक्षी (B) दर्शनाभिलाषी

(C) आज्ञाकारी (D) आपका।

III भारतीय समाज पूरी दुनिया में अपनी अनेकता में एकता के लिए जाना जाता है। सभी समुदाय के लोग एक दूसरे के साथ हमेशा सुख–दुःख में खड़े रहते हैं। पर इधर लगातार समुदायों के बीच मतभेद बढ़ रहा है। खान–पान के नाम पर घृणा फैलाकर इंसान को इंसान के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। देश के लोग भुखमरी से मर रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि समाज के बीच प्रेम के रिश्ते बनें।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्न संख्या 7 एवं 8 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए –

7) भारतीय समाज किस बात के लिए जाना जाता है–

(A) धार्मिक एकता

(B) भाषा की एकता

(C) खानपान की एकता

(D) अनेकता में एकता।

8) इन दिनों समुदायों के बीच लगातार क्या बढ़ रहा है?

(A) प्रेम

(B) मतभेद

(C) समानता

(D) एकता।

9) हास्य–व्यंग्यात्मक रचना की श्रेणी में कौन सा पाठ है –

(A) अपराजिता

(B) अशोक का शस्त्र त्याग

(C) बस यात्रा

(D) छोटा जादूगर।

10) ‘बडे भाई साहब’ शीर्षक पाठ के रचयिता का नाम है –

(A) विश्वनाथ त्रिपाठी

(B) हरिशंकर परसाई

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) प्रेमचंद।

11) ‘पुष्प की अभिलाषा’ किस प्रकार की रचना है?

(A) देशप्रेम

(B) भक्ति

(C) श्रृंगार

(D) हास्य।

12) सम्राट अशोक ने पाठ के अनुसार कौन–सा धर्म अपनाया?

(A) हिन्दू

(B) जैन

(C) बौद्ध

(D) ईसाई।

13) डायन प्रथा है –

(A) समाज का कलंक

(B) अंधविश्वास

(C) स्त्रियों का अपमान

(D) उपर्युक्त सभी।

14) तुलसीदास जी के अनुसार मुखिया को कैसा होना चाहिए ?

(A) आँख

(B) मुख

(C) कान

(D) हाथ।

15) झारखण्ड राज्य की स्थापना कब हुई –

(A) 15 दिसंबर 2000 ई0

(B) 15 नवम्बर 2000 ई0

(C) 15 दिसंबर 2001 ई0

(D) 15 नवम्बर 2001 ई0।

16) वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द चुनिए –

(A) अध्यात्मिक

(B) अध्यात्मीक

(C) आध्यात्मिक

(D) आध्यात्मीक।

17) ‘उल्टी गंगा बहाना’ मुहावरे का अर्थ होगा –

(A) नदी निकालना

(B) नहर बनाना

(C) प्रतिकूल कार्य करना

(D) नदी की दिशा बदलना।

18) ‘माता–पिता’ सामासिक शब्द का समास निर्धारित कीजिए –

(A) अव्ययीभाव समास

(B) द्विगु समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) द्वन्द्व समास।

19) विपरीत अर्थवाला शब्द युग्म नही है –

(A) क्रोध–क्षमा

(B) उन्नति–अवनति

(C) आकाश–गगन

(D) एड़ी–चोटी।

20) ‘तालाब’ शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(A) सरोवर

(B) सर

(C) सरिता

(D) पोखर।

कक्षा – VIII **विषय – हिन्दी** **सेट – V**

उत्तर :–

1 – A
2 – D
3 – A
4 – C
5 – B
6 – C
7 – D
8 – B
9 – C
10 – D
11 – A
12 – C
13 – D
14 – B
15 – B
16 – C
17 – C
18 – D
19 – C
20 – C